an>

Title: Need to constuct Railway Over Bridges in Mehsana city, Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) ः मेहसाणा शहर उत्तर गुजरात का सबसे बड़ा शहर है। यह मिल्क सिटी, ऑयल सिटी, इंडस्ट्रियल सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

मेहसाणा शहर के बीचों-बीच रेलवे स्टेशन पड़ता है, जिसमें मेहसाणा दो हिस्सों ईस्ट-वेस्ट में बंट गया है। मेहसाणा 1 और 2 के बीच यातायात के लिए नार्थ में गोपीनाला और साउथ में भमरीया नाला पड़ता है। दोनों नालों से ए.सी. तथा लग्जरी बस तथा भारी वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है। ए.सी. बसों को 4 किलोमीटर का राउंड लेकर सिटी में से बाहर निकलना पड़ता है। ईस्ट में सभी जिला पूशासन ऑफिस, नगर इकाई, कार्यालय, स्टेट ट्रांसपोर्ट मुख्यालय, व्यापारी बाजार, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज व जिला अस्पताल पड़ते हैं। वहां आने-जाने तथा मरीजों के लिए दो आर.ओ.बी. हैं, लेकिन वहां पर बहुत ट्रैफिक रहता है। डी.एम.आई.सी. का कार्य आगे बढ़ रहा है। तब उनके निर्माण के साथ-साथ ईस्ट-वेस्ट मेहसाणा को जोड़ने के लिए मैंने पिछले पांच सालों से और अभी भी मैंने दो आर.ओ.बी. की मांग की है।

मेहसाणा की जनता की इन वाजिब मांगों पर गौर किया जाए।